**खबर संक्षेप**

### 72 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 05 जनवरी को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 72 चालानों में 25,800 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत 05 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम कीट में दबिश देकर आरोपी सुखलाल पिता जेठू बैगा निवासी ग्राम कीट के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 600 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक अखण्ड प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर जप्त

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 05 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सरफा नदी घाट ग्राम लालपुर से अवैध रूप से रेत लोड कर बुढ़ार तरफ जाने वाला है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। जिसे रूकवाकर ट्रैक्टर चालक से नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम मन्नू गुप्ता पिता भैयालाल गुप्ता निवासी लालपुर का होना बताया। चालक से वाहन एवं रेत परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगने पर उसने कोई दस्तावेज न होना बताया। जिस पर उक्त वाहन को मय रेत जप्त कर वाहन चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि, मोटर व्हीकल एक्ट एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक चेतराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सीईओ ने जारी की 3.78 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की जारी

**कटनी।** जिला प्रशासन द्वारा पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड और ई केवाईसी कार्य कराए जाने का सिलसिला निरंतर ग्राम पंचायत स्तर पर कराया जा रहा है। इस कार्य हेतु जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्राम पंचायतों में कार्य कर रहे 305 ग्राम रोजगार सहायकों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए 3,78,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की है।
उल्लेखनीय है कि जिले द्वारा 3 लाख पीवीसी आयुष्मान कार्ड की ई केवाईसी का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य हेतु राज्य स्तर से ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा किए गए कार्य के पारिश्रमिक भुगतान हेतु राशि प्राप्त हुई थी। फलस्वरूप जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने राशि रिलीज करते हुए 15 जनवरी के पूर्व शेष बचे हुए आयुष्मान कार्ड और ई केवाईसी कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम रोजगार सहायकों से पूरे उत्साह, निष्ठा और परिश्रम से शेष कार्य को नियत समय सीमा में पूर्ण करने को कहा है ताकि आवश्यकता पड़ने पर नागरिकों को इससे होने वाले हित लाभ प्राप्त हो सके।

### ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर दिया अंतिम नोटिस

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ला ने ठेकेदार मेसर्स अमेन आई टी एण्ड प्रोजेक्ट साल्यूशन मूँगाबाई कालोनी कटनी को 07 दिवस में बीडी अग्रवाल वार्ड में दिनेश चौधरी के घर से रेशू सिंह के घर तक पेवर ब्लाक फ्लोरिंग एवं नाली निर्माण कार्य करने एलओए जारी कर परफारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा करते हुये 15 दिवस में अनुबंध करने हेतु सूचित किया गया था।

## आदेश के बावजूद लकड़ी की ट्रांसपोर्टिंग नहीं हो पा रही

# रिश्वत लेकर भी रेंजर ने जारी नहीं की टीपी

**शहडोल।** अनूपपुर जिले का वन विभाग भ्रष्टाचार में किस तरह गले तक डूबा हुआ है इसका एक उदाहरण कोठी ग्राम निवासी अब्दुल आसिफ के साथ हुई एक घटना से पता चलता है। एक गैरेज से अपनी जीविका चलाने वाले इस व्यक्ति से टीपी जारी करने के नाम पर रिश्वत ले ली गई और टीपी भी जारी नहीं की गई। उसने बड़े अधिकारियों के संज्ञान में बात लाने के लिए शपथ पत्र बनवाया था। लेकिन संबंधित भ्रष्ट अमले ने उसे भी धमका कर दबा दिया। आज भी अब्दुल इस मामले में परेशान हालत में घूम रहा है।

### पेड़ कटाई की अनुमति ली थी

अब्दुल ने वन परिक्षेत्र बिजुरी में आम के पेड़ की कटाई की कलेक्टर अनूपपुर व तहसील कार्यालय कोतमा से अनुमति ली थी। ग्राम कोठी में आम के 4 वृक्ष जो पूरी तरह से सूख गए थे इन्हे ट्रक से इंदौर ले जाना चाहता था। समस्त लकड़ी की कटाई वन परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी अधिकारी सुश्री जीतू सिंह की जानकारी में थी और उन्ही के माध्यम से लकड़ी की इंदौर वाहन ट्रांस्पोटिंग की अनुमति वनमण्डलाधिकारी अनूपपुर द्वारा उसे दी गई थी।

### अनुमति के बाद भी ली रिश्वत

वन परिक्षेत्राधिकारी बिजुरी को जिला वन मण्डाधिकारी अनूपपुर द्वारा उक्त आम के वृक्षों की काटी गई लकडि़यों एवं ल_ो में हैमर मार्क लगाकर वैध रूप से परिवहन की अनुमति के लिए टीपी जारी करने का आदेश जिला मण्डलाधिकारी अनूपपुर द्वारा आदेश जारी किया गया था। किन्तु परिक्षेत्राधिकारी बिजुरी सुश्री जीतू सिंह की लापरवाही एवं उदासीनता की वजह से वन परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी के रीडर संजू द्वारा अब्दुल से वन परिक्षेत्राधिकारी के नाम पर लकड़ी परिवहन अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए अवैध राशि बतौर रिश्वत 3 हजार रूपये सुश्री जीतू सिंह के नाम पर एवं 1 हजार रूपये लिपिक संजू ने अपने लिए मांग की गई और कहा गया कि तुम्हारी टीपी बना देंगे।


भारतीय गैर न्यायिक
बीस रुपए Rs.20
रु.20
TWENTY RUPEES
INDIA NON JUDICIAL

### टीपी जारी नहीं की गई

अब्दुल से राशि लेने के बाद भी जब टीपी जारी नहीं की गई तो उसने शपथ करके शिकायत करने का निर्णय लिया। शपथकर्ता के सहयोगी जाहिद अली पिता अहमद अली निवासी वार्ड नंबर 14 लहसुई गांव कोतमा द्वारा अवैध राशि ली गई। उक्त अवैध राशि राकेश गौतम पिता सतीश गौतम निवासी ग्राम पैरीचुआ के समक्ष 21 दिसम्बर 2023 को 10.41 सुबह नगद ली गई एवं टीपी जारी नही की गई। जीतू सिंह वन परिक्षेत्राधिकारी बिजुरी द्वारा उल्टा यह धमकी दी जाती है कि हम तुम्हारी लकड़ी नहीं उठने देंगे एवं शपथकर्ता को लगातार परेशान व प्रताड़ति कर उसके साथ अभद्र एवं अनुचित व्यवहार करती है।

### कठोर कार्रवाई की मांग

शपथकर्ता ने शपथ में उल्लेख किया कि लकड़ी पूरी तरह से खराब हो रही है एवं चोरी भी हो रही है। जिससे आर्थिक रूप से शपथकर्ता को क्षति पहुंच रही है, उक्त लकड़ी के परिवहन एवं अनुज्ञप्ति मिलने में अत्यधिक विलंब होने के कारण अपूर्तनीय क्षति होगी एवं शपथकर्ता को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शपथ पत्र में शपथकर्ता ने वन मण्डाधिकारी अनूपपुर से प्रार्थना करते हुए कहा कि उक्त आम की लकडिय़ों को विधिवत टीपी जारी करने के लिए वन परिक्षेत्राधिकारी कोतमा को आदेश जारी करने को कहा जाये एवं वन परिक्षेत्राधिकारी बिजुरी व लिपिक संजू के विरूद्ध आम की लकड़ी के परिवहन जारी करने के लिए एव हैमार लगाने के लिए ली गई 3 हजार रूपये की रिश्वत, यह भ्रष्ट आचरण एवं कदाचरण अपने लोक पद का दुरूपयोग कर अपने लोक पदीय कर्तव्यों एवं अधिकारों के विपरीत कदाचरण किया है। उनकी सेवाएं जनहित व लोकहित में नहीं है। शपथकर्ता द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से सुश्री जीतू सिंह एवं संजू पयासी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही के साथ ही तत्काल लकडी परिवहन के लिए टीपी एपं मार्क लगाने की मांग की है।

## बाघ के हमले से चरवाहे की मौत

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के मानपुर बफर के गुरवाही बीट से लगे राजस्व एरिया में चरवाहे पर बाघ ने हमला कर दिया। इस घटना में चरवाहे की मौके पर ही मौत हो गई। इस बारे में जानकारी देते हुए पतौर रेंजर अर्पित मैराल ने बताया कि मरने वाला उनके वन परिक्षेत्र का जरूर है लेकिन घटना मानपुर रेंज में हुई है। पतौर रेंजर ने बताया कि घटना में पतौर निवासी घिन्नु पिता रामस्वरूप सिंह उम्र 55 वर्ष को बाघ ने अपना शिकार बना लिया। इस हादसे में वृद्ध चरवाहे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया है। बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत की यह इस साल की पहली घटना है, जबकि पिछले एक साल में होने वाली यह सातवीं घटना है।
घटना स्थल के निकट ही गुरवाही में पतौर और मानपुर बफर की सीमा लगती है। घटना की जानकारी पर मौके पर पार्क टीम पहुंच गई थी और घटना सम्बंध में ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया जा रहा था। घटना को लेकर ग्रामीणों में जमकर आक्रोश था और वे इसके लिए वन विभाग को जिम्मेदार बता रहे थे। घटना स्थल पर ग्रामीणों का जमघट लग गया था और मृतक के परिजन विलाप करने लगे थे। इस दर्दनाक हादसे से ग्रामीणों में दशहत है, दोपहर करींब ढाई बजे पार्क टीम ने ज़रूरी कार्यवाही कर शव को कब्जे में ले लिया था।
बताया जाता है कि शनिवार को मृतक घिन्नु रोज की तरह दो अन्य साथियों के साथ गुरूवाही बीट से सटे राजस्व क्षेत्र डगरहाई डोंगरिया (झमकनिया) के पास अपनी बकरी चरा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब एक बजे झाड़ियों में छिपा बाघ अचानक सामने आ गया और उसने ग्रामीण पर हमला कर दिया। ग्रामीण पर हुए बाघ के हमले की घटना को देख दो अन्य साथियों ने ज़ोर-ज़ोर आवाज़ लगाना शुरू कर दिया, जिसके बाद बाघ जंगल की ओर भाग गया। परन्तु तब तक वृद्ध चरवाहे ने दम तोड़ दिया था।



## चार दिन से थी लापता, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

# कुएं में तैरती मिली युवती की लाश

**शहडोल।** जिले के ब्योहारी थाना अंतर्गत वार्ड नंबर-13 अंतरी टोला में एक कुएं से अनुपमा गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता उम्र 19 वर्ष का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया। जिस कुएं से लाश बरामद हुई वह मृतिका के घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर है। नगर के बीच कुएं में युवती की लाश मिलने से नगर में सनसनी फैल गई। युवती विगत चार दिन पहले अपने घर से बाहर निकली और वापस घर नहीं पहुंची। तो उसके परिजन थाना पहुंच गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। संदेही युवक के ऊपर कार्यवाही की मांग की थी। परिजनों का आरोप है कि थाना प्रभारी व्दारा गंभीरता से न लिए जाने के कारण यह हृदयविदारक घटना घटी। जिस पर मृतिका के परिजनों ने थाना प्रभारी की उदासीनता और लापरवाही से यह घटना होने का आरोप लगाया। मौके में विरोध जता कार्यवाही की मांग कर घंटों हंगामा किया। पोस्टमार्टम रुम के बाहर रखे शव को लेने से इंकार कर न्याय की मांग करने लगे। हंगामा के दौरान घटना स्थल पर पहुंचे एसडीओपी रविप्रकाश कोल ने परिजनों को कार्यवाही का भरोसा दिलाया और न्यायसंगत कार्यवाही करा जिले से फोरेंसिक टीम बुला जांच कराने तथा थाना प्रभारी की कार्यशैली और उदासीनता पर उनके खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया। तब कहीं जाकर परिजन शांत हुए। सिविल अस्पताल के पोस्ट मार्टम रुम के बाहर शव परिजनों को सौंपा गया। हत्या या आत्महत्या की सच्चाई तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पायेगी।



## छात्रों ने किया म्यूजियम का भ्रमण

**शहडोल।** शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत नगर के माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल के प्राथमिक विंग के छात्रों द्वारा 06 जनवरी को शहर के गांधी स्टेडियम के नजदीक स्थित म्यूजियम का भ्रमण कराया गया। म्यूजियम भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इतिहास एवं ऐतिहासिक वस्तुओं की जानकारी देना, स्थानीय इतिहास एवं भूगोल के प्रति ज्ञान अर्जित करना, साथ ही सामान्य ज्ञान में वृद्धि करना था। छात्रों के साथ विद्यालय से पर्यावरण अध्ययन की शिक्षिका दीपा पांडे एवं शारीरिक शिक्षा की शिक्षिका अमरतांजली पटेल भ्रमण हेतु गई एवं वहां छात्रों के प्रश्नों को दूर करने में सहायता प्रदान किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के कार्यक्रम में आने वाले दिनों में और महत्वपूर्ण स्थानों में छात्रों को ले जाया जाएगा, जिससे छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं बल्कि व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करें, जिससे विषयों के प्रति छात्रों में लगाओ एवं जिज्ञासा उत्पन्न हो सके।



# युवक पर बाघ ने किया हमला, गांव में फैली दहशत

### जिला चिकित्सालय किया गया रेफर

**उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ रिजर्व टाइगर क्षेत्र के अंतर्गत करकेली उजान के युवक पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया, घटना को लेकर गांव में पूरी तरह में दहशत व्याप्त है। दरअसल मामला उजान से लगा अकमानिया तेंदुआ पठारी बीट के राजस्व हार में आज सुबह बाघ के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उजान निवासी प्रभु बैगा पिता भैया राम बैगा उम्र 35 वर्ष अपने भाई छोटू के साथ घर की बड़ी रुधाई के लिए खड़ाया लेने जंगल की ओर गया था, छोटू किसी तरफ और चला गया और प्रभु गांव से 500 मीटर दूर की तरफ खड़िया काटने लगा, कहीं छिपा बाघ अचानक प्रभू के पीछे हमला किया जिससे प्रभु गिर गया, गिरने के बाद चुपचाप लेटा रहा बाघ ने हाथ पर हमला किया सीने व पीछे पीठ पर कई जगह दांत के निशान है, प्रभु किसी प्रकार की कोई हरकत नहीं करते हुए चुपचाप लेटा रहा यह कहकर कि मैं नहीं बचूंगा, लेकिन बाघ ने क्या सोचा और छोड़ के वापस चला गया, जैसे बाघ गया वैसे ही प्रभु ने जोर-जोर से आवाज करने लगा जिससे उसका छोटू भाई मौके पर पहुंचा तो देखा कि बाघ जा रहा है, तत्काल उसको गांव लाया गया और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। करकेली स्थानीय सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष कुमार महोबिया व बीट गार्ड मुनीद्र त्रिपाठी बीट प्रभारी करकेली, अभिषेक पांडे बीट प्रभारी पठरी मौके पर पहुंचकर 1000 का सहयोग किया गया, वह तत्काल उक्त घायल युवक को करकेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया, स्थिति गंभीर देखते हुए उजान गांव में बाघ के डर से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। घायल युवक प्रभु बैगा ने बताया कि मैं ठंडी की वजह से काफी गर्म कपड़ा पहना हुआ था मैं सोच रहा था मैं नहीं बच पाऊंगा लेकिन ईश्वर की कृपा रही कि वह छोड़कर मुझे चला गया, लगातार कई माह से अमानिया तेंदुआ उजान के आसपास बाघ का मूवमेंट होने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।



## बनास नदी के पुल से गिरे युवक की मौत

**शहडोल।** जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बनास नदी पर नवनिर्मित रेल पुल से नीचे गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उमेश बैग पिता प्यारे बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी अमरखोही के रूप में की गयी हैं। इस संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उमेश बैग पिता प्यारे बैगा उम्र 25 वर्ष निवासी अमरखोही का रहने वाला था, वह किसी काम के सिलसिले से नवनिर्मित पुल को पार कर रहा था, यह पुल रेलवे के द्वारा बनवाया जा रहा है। रेलवे ट्रैक के बीचो-बीच अपनी बाइक को लेकर युवक निकल रहा था। बाइक में तीन लोग सवार थे लेकिन दो लोग पहले ही उतरकर पैदल आगे निकल गए। मृतक युवक उमेश अपने बाइक को पुल के दूसरी ओर पार करा रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया और वह नवनिर्मित पुल से नीचे लगभग 20 फीट नीचे गिर गया। नदी में पानी भी कम था, जिस कारण नदी में मौजूद पत्थरों से टकराने पर युवक को गंभीर चोटे पहुंची थी। स्थानीय लोगों की मदद से घटना के बाद युवक को घायल अवस्था में वहां से निकाला गया और अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।



# थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण पर चर्चा के लिये बैठक का हुआ आयोजन

**शहडोल।** जिले में स्थानीय मांगो एवं पुलिस विभाग की आवश्यकताओं एवं अपराधों की संख्या के अनुरूप जिले में थाना एवं चौकियों की सीमा का निर्धारण पूर्व में किया गया था। कालांतर में स्थानीय आबादी, भौतिक संरचना एवं अपराधों के परिदृश्यों में परिवर्तन आने के उपरांत पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण करने हेतु सुझाव चाहे गए थे। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्रों के पुर्ननिर्धारण के संबंध में आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर एवं बैठक लेकर युक्तियुक्त सुझाव प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके तारतम्य में थाना स्तर पर स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक ली गई एवं चर्चा करते हुए सुझाव प्राप्त किये गए।
थाना अमलाई परिसर में 06 जनवरी को थाना प्रभारी अमलाई निरीक्षक जे.पी.शर्मा, नगर परिषद बकहो के अध्यक्ष, उपाध्याक्ष, पार्षद एवं ग्राम पंचायत साबो, रामपुर एवं बटुरा के सरपंचों की उपस्थित में बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य व्यक्ति शामिल रहे। बैठक में निर्देशों के अनुसार थाना अमलाई की सीमा पुनर्निर्धारण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं स्थानीय व्यक्तियों से राय प्राप्त की गई।
इसी प्रकार थाना जैतपुर परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक भानू प्रताप सिंह थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं अन्य उपस्थिति में उक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्राप्त निर्देशानुसार थाना की सीमाओं के संबंध में पुनर्विचार हेतु राय प्राप्त की गई। जिले के समस्त निवासी जो थाना-चौकी की स्थिति, सीमा या थाना क्षेत्रों के निर्धारण के संबंध में अपनी ओर से किसी प्रकार का बहुमुल्य सुझाव देना चाहते हैं, तो आप अपने निकटतम पुलिस थाना या उनिरीक्षक (अ) विजय सिंह कोर्चाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मोबाइल नं.- 7049156290 पर 10 जनवरी के पूर्व संपर्क कर अपना बहुमूल्य सुझाव दे सकते हैं।



**कंजिया में टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ**

# रामपुर की टीम ने पाराखेड़ा को 66 रन को हराकर जीता उद्घाटन मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

समीपस्थ ग्राम पंचायत कंजिया में 10 दिवसीय के पी एल टेनिस बॉल क्रिकेट का उद्घाटन सनी स्पोटिंग क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी ने फीता काटकर एवं ट्रॉफियों का अनावरण कर टूर्नामेंट की शुरुआत की पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुरने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खिलाड़ियों को खिलाड़ी भावना से खेलने का आग्रह किया खेल मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश सोनी ने बताया फिल्म मनुष्य के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है इसके बिना जीवन अधूरा है खेलों से हर व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है प्रसन्न रह सकता है खेल का नाम आते ही खिलाड़ी को रोमांचित हो जाते हैं दर्शक भी इसका भरपूर आनंद लेते हैं खेलों से प्रसन्नता भी मिलती है जो मनुष्य के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत उपयोगी है हर व्यक्ति को कोई ना कोई खेल खेलना चाहिए
शुक्रवार को पहला मैच 10-10 ओवरों का मैच खेला गया जिसमें रामपुर टीम ने पाराखेडा क्रिकेट टीम को 66 रनों से हराकर अगली दौर में प्रवेश किया रामपुर की टीम में तक जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 166 रन बनाए सभी बल्लेबाजों में धुआंधार बल्लेबाजी की जवाबी पारी खेलने उतरी परखेडा 99 रन बनाकर आउट हो गई। इस कार्यक्रम में बंसी सिंह ठाकुर सरपंच कछार गांव कल्लूजैन जनपद सदस्य अखिलेश राजभर राकेश दुबे कैलाश दुबे राम शंकर पटेल ग्राम सरपंच ग्राम पंचायत पिपरियासदा सिंह बागरी सहितबड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे आयोजक शिवेंद्र प्रताप सिंह पवन दीक्षित सतीश दुबे सत्यनारायण दुबे मेघराज तिवारी बिहारी दुबे रामलाल दुबेको सभी लोगों ने बधाई दी टूर्नामेंट के कमेंटेटर का संतोष दुबे का भी लोगों ने स्वागत कियाऐसे आयोजन पर आप अपने गांव ख्याति यस दूर-दूर तक फैला रहे हैं इसके लिए सभी को बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

### करौंदिया गांव में दो दिनों से बाघ की मूवमेंट, दहशत में ग्रामीण

**उमरिया।** बांधवगढ़ में पनपथा बफर के करौंदिया गांव में दो दिनों से बाघ की मूवमेंट है, जिससे ग्रामीण काफी दहशत में है। हाथियों की मदद से पार्क प्रबंधन लगातार बाघ को जंगल खदेड़ने का प्रयास कर रहा है, हालांकि फिलहाल कामयाबी नहीं मिल सकी है। सूत्रों की मानें तो बाघ की एक्ज़ेक्ट लोकेशन उमरिया-करौंदिया के बीच घोराधार से सटे नाले में बताई जा रही है। पार्क प्रबंधन जेसीबी की मदद से आस-पास के झाड़ झंखाड़. हटा रहा है, जिससे बाघ जंगल चला जाए। बाघ के अलावा खबर ये भी है कि घोराधार से करीब 3 किमी दूर सुखदास, गजरहा, हरदुआ से सटे जंगल में दो टाइगर्स की मूवमेंट है, जो मैटिंग में है। ये दोनों बाघो भी गांव में न घुसे, जिस वजह से इन दोनों टाइगर्स पर भी पार्क प्रबन्धन की कड़ी निगाह है।

### योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा लाभान्वित



**शहडोल।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु गांव-गाव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत कुबरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान स्थानीय ग्रामीण जनों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया। आयोजन के दौरान योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। साथ ही योजनाओं के संबंधित विभागों द्वारा विभागवार स्टाल एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मप्र की टॉप 5 में नगर परिषद नौरोजाबाद शामिल



**नौरोजाबाद।** मध्य प्रदेश में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में नौरोजाबाद नगर परिषद को राष्ट्रपति पुरुस्कार के लिए चयनित किया गया है। जो उमरिया जिले के लिए गौरव का विषय है। स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश के 5 नगरीय निकायों को चयनित किया है, जिसमें नौरोजबाद नगर परिषद के अलावा इंदौर, महूं, अमरकंटक, बुधनी शामिल है। जानकारी यह भी आ रही है कि 11 जनवरी को दिल्ली में होने वाले सम्मान कार्यक्रम में नगर पालिका उमरिया सीएमओ किशन सिंह ठाकुर पहुंचेंगे और महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कृत होंगे।

### पंच पद एवं सरपंच पद का मतदान संपन्न

**उमरिया।** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 उत्तरार्ध्द हेतु पंच एवं सरपंच पद के लिए मतदान 5 जनवरी को संपन्न हुआ । सरपंच पद के लिए जनपद पंचायत पाली मानपुर के लिए ग्राम पंचायत परासी ध, बेली, घुनघुटी में ईव्ही एम से तथा ग्राम पंचायत घुनघुटी के वार्ड नंबर 12 में पंच पद का मतदान मतपत्र से संपन्न कराया गया । ग्राम पंचायत परासी ध में कुल 77.67 प्रतिशत मतदान, घुनघुटी में 71 प्रतिशत मतदान तथा बेली ग्राम पंचायत में 79.65 प्रतिशत मतदान हुआ ।

लोनिवि ने बदल दिया प्राक्कलन, 2.59 करोड़ में घालमेल की तैयारी

# शिक्षा विभाग के बजट से बनेगा ट्रायबल का स्कूल

**शहडोल।** शासकीय विभागों की निरंकुशता और शाहखर्ची के कारण कई संस्थाएं और उनसे जुड़े लोग न्याय से वंचित हो जाते हैं। किसी के हिस्से का लाभ किसी अन्य को दिला दिया जाता है और कोई गुहार सुनने तक को तैयार नहीं होता है। लोक निर्माण विभाग भी निर्माण के मामलों में यही कर रहा है। शासकीय कार्यों में जांच पड़ताल और मॉनीटरिंग तो जैसे बंद ही हो गई है। इसी लापरवाही के कारण विभागीय अमला शासकीय बजट का दुरुपयोग कर मालामाल हो रहा है। शहर के अंदर स्थित अर्बन बेसिक स्कूल के नवीनीकरण के लिए करीब एक साल पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने 2 करोड़ 59 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। रकम लोक निर्माण विभाग को आवंटित कर दी गई थी। स्कूल का नक्शा बना प्राक्कलन तैयार हुआ अब विभाग इसी बजट से अर्बन की बजाय मॉडल बेसिक प्रायमरी स्कूल बनाने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में अर्बन के प्रधानाचार्य एसपी तिवारी ने कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य से शिकायत कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है।

### आजाक की बनेगी स्कूल

हैरानी की बात यह है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने अर्बन बेसिक के लिए बजट आवंटित किया लेकिन विभाग बजट प्राप्त कर लेने के बाद अपनी मनमानी करने पर उतारू हो उठा और वह अर्बन के बगल में स्थित ट्रायबल की मॉडल बेसिक का जीर्णोद्धार करने की तैयारी करने लगा। उसने इस कार्य के लिए बिना किसी अनुमति के मैप व प्राक्कलन आदि बदलकर टेण्डर दे दिया है। शायद




कुछ समय बाद निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। लोनिवि सरासर मनमानी करने पर उतारू हैं। बजट शिक्षा विभाग का और निर्माण होगा आजाक की स्कूल का। यह भी एक अंधेर की ही बात है। लेकिन कोई भी न तो आपत्ति उठाने वाला है और न ही कोई अर्बन का पक्ष उठाने को तैयार है।

### भूमि 4 हजार वर्ग फुट, खर्च करोड़ो में

लोनिवि जिस मॉडल स्कूल का नवीनीकरण करने की तैयारी कर रहा है उसमें मात्र 30 बच्चे ही अध्ययनरत हैंऔर भवन 50 फुट लंबाई और 80 फुट चौड़ाई में बना है। निर्माण एरिया करीब 4 हजार वर्ग फुट ही है, इतने से निर्माण क्षेत्र में विभाग 2 करोड़ 59 लाख का बजट फूंकने का प्रयास कर रहा है। जबकि स्कूल शिक्षा विभाग के अर्बन स्कूल में 110 बच्चे हैं और उसका क्षेत्रफल 20 हजार वर्ग फुट है। लोनिवि के अधिकारी कम एरिया में निर्माण कराकर बकाया रकम डकार जाने की फिराक में लगे हैं। इसीलिए उन्होने प्राक्कलन आदि बदल कर मनमानी निर्णय लेकर काम शुरू कराने की तैयारी की है।

### एक साल से पड़ा है बजट

स्कूल शिक्षा विभाग ने एक साल पहले नवंबर में बजट दिया था। पूरा साल बीत गया लेकिन लोनिवि ने कोई प्रयास नहीं किया। वह अपने गुणाभाग में लगा रह गया। जब उसकी पूरी तैयारी मॉडल बेसिक के लिए हो गई तो उसने कुछ माह पहले टेण्डर दे दिया है। बताते हैं कि टेण्डर भी उसके चहेते ठेकेदार को दिया है। केवल एक ही ठेकेदार है जो लोनिवि के सारे काम करा रहा है। उसके अलावा किसी को काम नहीं मिल पाता है। विभाग में एक गुट सा बना हुआ है जो मनमाने ढंग से बजट का उपयोग करता है और मनचाहे ठेकेदार को काम देता है। अगर जांच पड़ताल कराई जाए तो ज्ञात होगा कि यहां किस तरह निर्माण कार्यों में लोनिवि के अधिकारी खेल कर रहे हैं।

## अवैध रेत का परिवहन करते 2 वाहन जप्त

**शहडोल।** देवलोंद थाना क्षेत्रांतर्गत 04 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बरहाई में बनास नदी से अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर देवलोंद पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। जिसे रोकवाकर चालक से पूछताछ की गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजेन्द्र सिंह गोड़ पिता बाबूलाल सिंह गोड उम्र 38 वर्ष निवासी देवलोंद का होना बताया। पुलिस द्वारा रेत संबंधी दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। जिस पर देवलोंद पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर उक्त आरोपी चालक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी देवलोंद के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक जवाहरलाल राय एवं आरक्षक संतोष मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसी प्रकार बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 04 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सरफा नदी घाट ग्राम लालपुर से अवैध रूप से रेत लोड कर बुढ़ार तरफ जाने वाला है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचे तो एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देखकर भाग गया। जिस पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर उक्त आरोपी चालक मन्नू गुप्ता एवं अन्य के विरूद्ध भादवि, मोटर व्हीकल एक्ट एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक भगत प्रताप सिंह एवं आरक्षक मयंक मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हजरत मियां सरकार का पन्द्रहवा सालाना उर्स मुबारक 8 से शुरू होगा

**नौरोजाबाद।** नगर में कौमी एकता के प्रतीक हजरत मियां सरकार का पन्द्रहवां सालाना उर्स मुबारक 8 जनवरी से शुरू हो रहा है। इस तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर बड़ी तादाद में जयरिन अपनी हाजिरी देने मियां सरकार के दरगाह नियाजी नगर नरोजाबाद आएंगे। सभी आयोजन नियाजी दरबार हजरत मियां सरकार के दरगाह शरीफ में आयोजित होंगे। यहां नियाजियों का मेला उर्स मुबारक के अवसर पर लगेगा, जहां देश के अमन चैन व खुशहाली के लिये दुआएं होगी। यहां आसपास



सहित दूर-दराज से बड़ी तादाद में मियां सरकार को चाहने मानने वाले उनके मुरीद यहां अपनी हाजिरी देने आएंगे। कौमी एकता के प्रतीक हजरत मियां सरकार को सभी जाति धर्म के लोग मानते हैं। लोगों का कहना है कि इस दरगाह से कोई कभी खाली हाथ नहीं लौटता। यहां मांगी गई सभी मन्नत हजरत मियां सरकार पूरी करते हैं। 8 जनवरी से आगाज हो रहे है सालाना उर्स मुबारक के अवसर पर बाद नवाज जोहर ग़ुस्ल मजारे अक्दस व बाद नमाज असर विशाल की फातिया व सरकारी चादर पोशी के साथ उर्स मुबारक का आगाज होगा और बाद नमाज इशा फातिया व महफ़लि शमा अयोजित होगी। हर वर्ष आयोजित होने वाले हजरत मियां सरकार के सालाना उसे मुबारक पर मध्य प्रदेश सहित छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, देश भर से जयरिन अपनी हाजिरी देने यहां जरूर पहुंचते हैं। 9 जनवरी को सुबह कुरानखानी दोपहर में महफिले शमा व कुल की फातिया होगी। रात्रि में भी फातिया व अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। 10 जनवरी को रंग रुखसती की महफ़लि के बाद उर्स मुबारक विधिवत सम्पन्न हो जाएगा। यहाँ सभी आयोजन हजरत छोटे सरकार की निगरानी में संपन्न होंगे।

### घर से गायब हुई नाबालिग, मामला दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत गलैया टोला निगवानी निवासी प्रहलाद चौधरी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है कि 2 जनवरी की शाम 4 बजे वह अपनी मां को लेकर दवाई करवाने निगवानी गया था। शाम 6 बजे जब लौट कर घर आए तो उसकी पत्नी बताई कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चला उसे शंका है कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाकर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## प्रभार के अधिकारी के भरोसे जनपद पंचायत कोतमा

### राज्यमंत्री ने किया था ऐतराज, कलेक्टर को जनपद अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

**कोतमा।** मध्य प्रदेश शासन के स्वतंत्र मंत्री दिलीप जायसवाल ने प्रथम शहडोल आगमन पर यह कहा था कि शहडोल संभाग में प्रभार के अधिकारी नहीं चलेंगे लेकिन आज भी शहडोल संभाग में कई कार्यालय प्रभार के भरोसे चल रहे हैं। जनपद पंचायत कोतमा के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को हटाये जाने को लेकर अध्यक्ष जनपद पंचायत कोतमा ने शुक्रवार को कलेक्टर से मिलकर तीन बिन्दुओं का ज्ञापन



सौंपा। जनपद पंचायत कोतमा के अध्यक्ष जीवन सिंह धुर्वे ने शुक्रवार को कलेक्टर से मिलकर तीन बिन्दुओं का ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि जनपद पंचायत कोतमा के प्रभारी जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी लाल बहादुर वर्मा को नियम विरुद्ध प्रभार दिया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी के 31 दिवस के लिए अवकाश पर जाने के कारण लालबहादुर वर्मा को 31 दिवस के लिए आदेश किया गया था, लेकिन अभी भी प्रभारी के रूप में पदस्थ है। ज्ञात हो कि लालबहादुर वर्मा का मूल पद स्कूल हेडमास्टर का है। जपं कोतमा अध्यक्ष ने बताया कि लालबहादुर वर्मा जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत पिपरिया के पुस्तैनी निवासी है, जो नियम विरुद्ध है। जनपद अध्यक्ष ने कलेक्टर से मांग की है कि जनपद पंचायत कोतमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को स्थाई रूप से पदस्थ किया जाये।

## उमरिया जिले को दागना कुप्रथा से मुक्त कराने विशेष पहल की जाए : मेघा पवार

### मप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य के मुख्य आतिथ्य में दागना कुप्रथा विषय पर बैठक संपन्न

**उमरिया।** मप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार के मुख्य आतिथ्य में दागना कुप्रथा विषय पर कलेक्टर सभागार में बैठक का आयोजन हुआ। मेघा पवार ने कहा कि जिले को दागना कुप्रथा से मुक्त कराने के लिए विशेष पहल की जाए। इसके लिए आवश्यक है कि अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं तथा गर्भवती माताओ सें संपर्क कर उन्हें दागना कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया जाए। साथ ही अस्पताल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आडियो, वीडियों के माध्यम से भी दागने से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करनें का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रसूताओं को इस



बात का संकल्प दिलाया जाए कि वे बच्चें के बीमार होने पर दागना कुप्रथा का सहारा न लेते हुए अपने बच्चे का इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर कराएंगे, ताकि बच्चे का समय पर उपचार हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में भी दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि उमरिया जिले को दागना कुप्रथा से मुक्त कराया जा सके। इसके साथ ही दागनें वाले दाईयों को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। मप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार व्दारा बाल एवं कुमार श्रम प्रतिशेध एवं विनियमन अधिनियम के सबंध में भी चर्चा की गई। कलेक्टर बुध्देश कुमार कहा कि दागना कुप्रथा अंधविश्वास है, बच्चों को इस कुप्रथा से बचाने के लिए सेक्टर स्तर पर बैठक आयोजित कर दागना कुप्रथा के दुष्प्रभावो की जानकारी दें। ग्राम में यदि निमोनिया बीमारी से बच्चा पीड़ित पाया जाता है तो उनके परिवार जनों को अस्पताल में इलाज कराने की समझाईश दी जाए। परिवार के बुजुर्गो से सतत संपर्क स्थापित कर उन्हें दागना कुप्रथा से होने वाले नुकसानों के संबंध में जानकारी दी जाए। बैठक में कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनमोहन सिंह कुशराम, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर, सीएमएचओ डॉ. आर. के. मेहरा, श्रम पदाधिकारी आर. के. गुप्ता, परियोजना अधिकारी सुनेंद्र सदाफल, अंजू सिंह, सीडीपीओ पाली मोनिका सिन्हां, दिव्य प्रकाश गौतम बाल कल्याण समति अध्यक्ष, अरूण त्रिपाठी, दयाशंकर गौतम, मधुलिका अग्रवाल, शिवरतन सेन बाल कल्याण समिति सदस्य, शशि गौतम, राजा तिवारी सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का लेदरा में हुआ आयोजन

**शहडोल।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत लेदरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान स्थानीय ग्रामीण जनों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया। आयोजन के दौरा योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया गया। साथ ही योजनाओं के संबंधित विभागों द्वारा विभागवार स्टाल एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### जमगांव में आयोजन

जिले के जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत जमगांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गईं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत फूलमालाओं से किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजानाओं की जानकारी दी गई। यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हित लाभ भी वितरित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आईईसी वैन द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## 15 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**कोतमा।** मकर संक्रांति को हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इस दिन गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व है। यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है। यानी अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार मकर संक्रांति का पर्व 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है। वर्ष 2024 में मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी। जानकारी देते हुए पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि इस दिन सूर्य देव प्रातः 02 बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस अवसर पर शुभ मुहूर्त इस प्रकार रहेगा। मकर संक्रांति पुण्यकाल 07 बजकर, 15 मिनट से 06 बजकर, 21 मिनट तक मकर संक्रांति महा पुण्यकाल 07बजकर, 15 मिनट से 09 बजकर, 06 मिनट तक मकर संक्रांति महा पुण्यकाल 07 बजकर 15 मिनट से 09 बजकर 06 मिनट तक।

### मकर संक्रांति का महत्व

पंडित अमन कुमार पांडे ने बताया कि वेदों में मकर संक्रांति को महापर्व के नाम से भी जाना जाता है। कहा जाता है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान करने पर सभी कष्टों का निवारण हो जाता है। इसलिए इस दिन दान, तप, जप का विशेष महत्व है। सभी प्रकार के शुभ कार्य जैसे पवित्र नदी में स्नान, भगवान सूर्य को नैवेद्य अर्पित करना, दान या दक्षिणा देना, श्राद्ध अनुष्ठान करना और व्रत पारण करना, मकर संक्रांति के दिन पुण्य काल में किए जाते हैं। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन पानी में काले तिल और गंगाजल मिलाकर स्नान करने से कुंडली के ग्रह दोष दूर होते हैं। साथ ही सूर्य देव की कृपा भी प्राप्त होती है। इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी।

## निर्देश के बाद भी निर्धारित स्थल पर नहीं लगा रहे सब्जी दुकान

### अव्यवस्थित यातायात के लिए नगर पालिका जिम्मेदार

**कोतमा।** नगर में कई वर्षों से सब्जी दुकाने सड़कों पर लगाई जा रही थी जिसके कारण आमजन के साथ साथ ही यातायात व्यवस्था बाधित हो रहा था आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। एक साल पहले नगर पालिका के द्वारा सब्जी मंडी का लोकार्पण कराते हुये सब्जी दुकाने सब्जी मंडी में लगवाई जा रही थी। एवं फुटकर सब्जी दुकानदारों को दुकान भी एलाट की गई थी। लेकिन कुछ दिनों तक तो सब्जी विक्रेताओं के द्वारा सब्जी मंडी में ही दुकान लगाई जा रही थी। उसके बाद सब्जी दुकानदारों के द्वारा फिर से नगर के मुख्य बाजार एरिया में सड़कों पर दुकान लगाई जा रही है। जिससे परेशान होकर कुछ सब्जी दुकानदारों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन से शिकायत भी की कि कुछ सब्जी दुकानदारों के द्वारा फिर से सब्जी मंडी में दुकान न लगाकर बाजार एरिया में सड़कों पर दुकान लगाई जा रही है जिसके कारण जो लोग सब्जी मंडी में दुकान लगा रहे हैं उनके दुकानों की बिक्री भी नहीं हो रही है यदि नगर पालिका प्रशासन सभी सब्जी दुकानों को सब्जी मंडी में नहीं लगवाता तो वे लोग भी सब्जी मंडी में दुकान लगाना बंद करके बाजार में सड़कों पर दुकान लगना शुरू कर देंगे, लेकिन नगर पालिका प्रशासन के लापरवाही एवं उदासीन रवैया के कारण वर्तमान में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा



नगर के बाजार एरिया में बीच सड़कों पर ही सब्जी दुकान लगा रहे हैं जिसके कारण आए दिन आवागमन करने में लोगों को परेशानी हो रही है। यहां तक कि सड़कों पर दुकान लगाए जाने के कारण दो पहिया एवं चार पहिया वाहन नहीं निकल पाते जिसके कारण घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जबकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके वार्ड क्रमांक 3 में सब्जी मंडी का निर्माण करवाया गया है अगर यही स्थिति रही तो वह दिन दूर नहीं जब सब्जी मंडी खंडहर के रूप में तब्दील हो जाएगी। पूर्वमे नगर पालिका प्रशासन के द्वारा फुटकर सब्जी विक्रेताओं को यह निर्देश भी दिए थे कि वार्ड क्रमांक 1 से 7 तक कोई भी सब्जी विक्रेता ठेले के माध्यम से घूम कर सब्जी की बिक्री नहीं करेगा। यदि ऐसा करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी, लेकिन नगर पालिका का यह निर्देश महेश कोरा ही साबित होता दिखाई दे रहा है इससे फुटकर सब्जी विक्रेताओं के हौसले इतने बुलंद है कि गांधी चौक के चारों ओर सब्जी दुकान लगा ली जाती हैं जिसके कारण लोगों को पैदल चलना भी खतरों से कम नजर नहीं आता है। नगर पालिका प्रशासन को राजस्व एवं पुलिस विभाग से सहयोग लेकर कड़ाई से सड़कों पर लगाए जा रहे हैं सब्जी दुकानदारों को सब्जी मंडी में दुकान लगाने के लिए कानूनी कार्यवाही करते हुए सब्जियों को जप्त करने की कार्यवाही की जाए। जिससे नगर के मुख्य बाजार का आवागमन व्यवस्थित हो सके।

## जन मन योजना के माध्यम से बैगा हितग्राहियों को दिया जायेगा विभिन्न योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

**उमरिया।** जिले में प्रत्येक पंचायत में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जन सामान्य को मिल रहे शासकीय योजनाओं का लाभ तथा उनकी समस्याओं के निराकरण की हकीकत जानने गत दिवस कलेक्टर ने करके ली जनपद पंचायत के ग्राम बिरहुलिया में आयोजित यात्रा में औचक रूप से शाम 6 बजे पहुंचकर शिविर में अधिकारियों की उपस्थिति, जन समस्याओं के निराकरण तथा आमजन की उपस्थिति का जायजा लिया, कड़कड़ाती ठंड के बावजूद शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में कुल 14 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुए, जिनका निराकरण सबंधित विभागों व्दारा किया जायेगाकलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य ने




जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा जन समस्याओं का उन्हीं के गांव में ही निराकरण करने के लिए आयोजित की जा रही, यात्रा में जिस स्थान पर शिविर आयोजित किया जाता है, वहाँ विभिन्न विभागों के व्दारा स्टाल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर में जो भी आवेदन मिले हैं, उनका शत प्रतिशत निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार व्दारा विशेष पिछडी जनजाति बैगा हितग्राहियों को शासन की विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जन मन योजना शुरू की गई है, इसके साथ ही इन ग्रामों में अधोसंरचना के कार्य भी किये जायेंगे, जिसकी कार्य योजना तैयार करने के लिए सर्वे की कार्रवाई की गयी है, अब प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि मेहनत से हर उपलब्धियां अर्जित की जा सकतीं है। विगत विधानसभा निर्वाचन में धुप खडा ग्राम में शत प्रतिशत मतदान हुआ, जो वहाँ के मतदाताओं के संकल्प का परिणाम है, इसलिए विद्यार्थी कड़ी मेहनत करके शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लक्ष्य के साथ पढाई करें। शिक्षक समय पर स्कूल आयें, समय पर पाठयक्रम पूरा करें तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोगी बने, शिविर में उत्साह का वातावरण था, स्थानीय लोक कला एवं संस्कृति के अनुसार लोक कारों ने शैला नत्य से स्वागत किया ग्राम पंचायत सरपंच अभिराम सिंह तथा जनपद पंचायत सदस्य संतराम सिंह ने शासन की पहल की सराहना की तथा कहा कि शिविरों के माध्यम से जन समस्याओं का निराकरण हो रहा है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं। शिविर स्थल में स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया था, साथ ही कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, महिला एवं बाल विकास, आयुर्वेद, शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के स्टाल भी लगाये गये थे। शिविर में नायब तहसील दार के पी. वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपयंत्री श्री मिश्रा ने किया, कार्यक्रम का समापन विकसित भारत के सामूहिक संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

खबर संक्षेप

## सूरा और पचोखर रोजगार सहायक की सेवा हुई समाप्त

**रीवा।** प्रधानमंत्री आवास में फर्जीवाडे को लेकर बड़ी कार्यवाही जिला पंचायत सीईओ संजय सौरभ सोनवणे ने की है दरअसल रीवा जिले के गंगेव जनपद की सूरा एवं पचोखर ग्राम पंचायत में ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करने पर कार्यवाही की गई है। सामाजिक आर टी आई कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी ने बताया कि मामले को लेकर शिकायत की गई थी जिस पर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा स्वप्निल वानखेड़े के द्वारा जांच करवाई गई थी। मामले की जांच आवास प्रभारी जिला पंचायत रीवा विनोद पांडेय, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गंगेव अजय शुक्ला और सीईओ जनपद पंचायत त्यौंथर राहुल पांडेय के द्वारा की गई थी। जांच में व्यापक स्तर की अनियमितता, अपात्र लोगों को पात्र बताया जाकर प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करना, किसी अन्य व्यक्ति के पहले से निर्मित पक्के मकान का जिओ टैग कर अन्य व्यक्ति के नाम पर मकान बना हुआ बताया जाना, अन्य हितग्राहियों की फोटोग्राफ्स आवास ऐप में अपलोड किया जाना जैसे कई मामले जांच के दौरान प्रमाणित हुए थे। जांच रिपोर्ट की फाइल पहले जिला पंचायत और कलेक्टर कार्यालय के बीच में घूमती रही जहां कार्यवाही करने में लेटलतीफी और हीलाहवाली चलती रही लेकिन वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा संजय सौरभ सोनवणे ने दोनों ही रोजगार सहायकों की सेवाएं समाप्त करते हुए बड़ी कार्यवाही की है। गौरतलब है की दोनों ही पंचायत में रोजगार सहायक ही सचिव के भी प्रभार में अंगद के पांव की तरह जमे हुए थे। सूरा ग्राम पंचायत से रोजगार सहायक पुष्पेंद्र तिवारी एवं पचोखर ग्राम पंचायत से आशुतोष तिवारी की सेवाएं समाप्त की गई है

## शासकीय भूमि पर सरहंगों के द्वारा कब्जा

**रीवा।** पूरा मामला मऊगंज जिले के थाना शाहपुर के ग्राम पंचायत जमुई के ग्राम कलरगवा का है जिसमें खसरा नंबर 106 /1/3 जो मध्य प्रदेश शासन है लगभग डेढ़ एकड़ जिसमें श्याम बहादुर सिंह द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है लगभग 70 बाई 50 में बाउंड्री बनाकर घर बनाया जा रहा है देखा जा रहा है कि शासकीय भूमि पर घर बनने का कार्य जोरों से चालू है जे सी बी मसीन से गड्ढे खुदवा कर कार्य को जल्द पूर्ण करने की कोशिश लगातार जारी है इसी संबंध ग्रामीणों द्वारा प्रशासन से शिकायत भी की गई शिकायत कर्ता उपेंद्र सिंह पिता सूर्यनारण सिंह के द्वारा बताया गया कि शिकायत के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, एक ओर जहां सरकार द्वारा सरकारी जमीनों को मुक्त कराने के सक्त आदेश दिए गए हैं जिला कलेक्टर को तों वहीं दूसरी ओर मऊगंज कलेक्टर कार्यालय से कुछ ही दूरी पर खुलेआम प्रशासन को चुनौती देते हुए श्याम बहादुर सिंह द्वारा अबैध अतिक्रमण कर घर निर्माण किया जा रहा है मऊगंज के जिला बनने के बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होगी तों सरहंगो के हौसले और बुलंद होंगे
अगर बात आए अतिक्रमण पर कार्यवाही की तो अगर किसी गरीब द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उसपर कार्यवाही करवाने और उसको हटाने के लिऐ प्रशासन की पूरी टीम पूरे अधिकारी एक्शन में आ जाते हैं तो श्याम बहादुर सिंह जैसे अतिक्रमण करियों के लिए प्रशासन मौन क्यूं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगे शिविर

**रीवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में मनगवां तहसील के ग्राम पचोखर में ग्राम पंचायत भवन परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है। इस संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी अनेक योजनाओं की जानकारी आमजनता को मिल रही है। इन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित किया जा रहा है। संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क उपचार शिविर लगाया गया है।

# कुएं में लड़की का शव मिलने से सनसनी

**नगर के वार्ड क्रमांक 14 का मामला**

नगर के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 की निवासी 19 वर्षीय लड़की की आज कुएं में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लड़की की पहचान अनुपमा गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता के रूप में हुई ।

ब्यौहारी ।





घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक शरद कोल, नगर परिषद अध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता राजन शत्रुघ्न पटेल घटना स्थल पर पहुंच गए और परिजनों को ढांढस बंधाया परिजनों ने पुलिस पर हिलावली का आरोप लगाया। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। लड़की 3 दिन पहले घर से गायब हो गई थी तभी से परिजन उसके लिए परेशान थे उन्होंने थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। पूछताछ में युवक से पूछताछ की गई थी युवक मझौली का रहने वाला था जिस लड़की की बातें होती थी उसके अलावा दो और लड़कों के नाम सामने आ रहा है। मामला तब गर्मा गया जब लड़की की लाश घर के ही पास कुएं में मिली। शव का पीएम पुलिस द्वारा करा दिया गया है, लेकिन परिजन अभी भी यूवकों की गिरफ्तारी एवं फोरेंसिक जांच के लिए अडे हैं । इनका कहना है 3 जनवरी को एक युवती के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी जिसकी आज कुएं में लाश मिली है, मार्ग कायम करके जांच की जा रही है पोस्टमार्टम हो गया है। मामला प्रेम प्रसंग का है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है युवती की हत्या हुई है या नहीं यह चिकित्सकों की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा सभी एंगल से जांच की जा रही है।



# धान खरीदी केंद्र से चोरों ने 30 बोरी धान किया पार

**अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना नईगढ़ी पुलिस में मामला दर्ज**

मऊगंज

जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोर निरंतर अपनी कारगुजारी में जुटे हुए हैं।प्रतिदिन कहीं न कहीं चोरी की घटनाएं अनवरत जारी है। खरीदी केंद्र नईगढ़ी के क्रमांक 1 अष्टभुजा धाम मंदिर परिसर के पीछे बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने घने कोहरे का फायदा उठाकर 30 बोरी धान की चोरी कर ले गए। जिसकी जानकारी सुबह खरीदी केंद्र से जुड़े लोगों को लगी तत्काल इसकी जानकारी समिति प्रबंधक को दी गई। समिति प्रबंधक द्वारा नईगढ़ी थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। वही नईगढ़ी थाना पुलिस द्वारा चोरी के संबंध में फरियादी की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# समितियों की मिलीभगत से किसानों के खातों में बिक रही व्यापारियों की धान

**जिला प्रशासन बेखबर**

रीवा !



मिली जानकारी के अनुसार धान जिले में खरीदी केन्द्रों में समितियों के मिली भगत के चलते गरीब किसानों का धान व्यापारियों द्वारा औने-पौने दाम मे खरीदकर समितियों में बेचा जा रहा है,और यह इतने सफाई से कार्य चल रहा है कि प्रशासन को भी इसकी भनक नहीं है,हालांकि इसकी शुरुआत प्रशासन की लाचार व्यवस्था के चलते हो रहा है जब से धान का रजिस्ट्रेशन शुरू होता है तभी से इस घोटाले की इबारत लिखी जाती है पहले पटवारियों से मिलकर चिन्हित किसानों का सौ रुपए कमिशन के शर्त में रजिस्ट्रेशन कराया जाता हैं, फिर उन्ही के खाते में समिति की मिली भगत से धान खरीदी केन्द्रों में बिक्री करते हैं,1600 से लेकर 1800 तक रुपये में किसानों की धान खरीदी करते हैं व्यापारी और फिर शासन द्वारा निर्धारित राशि में बिक्री करते हैं धान, हालांकि धान और गेहूं खरीदी में यह कोई नई बात नहीं है, इससे पूर्व भी समितियों द्वारा खरीदी केन्द्रों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा चुका है और कार्यवाही की खानापूर्ति भी प्रशासन द्वारा की गई,कई ऐसे समिति प्रबंधको को खरीदी की जिम्मेदारी हर बार सौंपी जाती है जिनके विरुद्ध कार्यवाही भी जा चुकी है,

# चित्रकूट यूपी की सीमा से सटे रीवा जिले के जनेह थाना क्षेत्र स्थित घटेहा के जंगल में नव ब्याहता की लाश मिलने से सनसनी

रीवा

खबर की जानकारी लगते ही जनेह थाना प्रभारी शैल यादव के साथ पुलिस अमला जंगल पहुंच गया। यहां तक की रीवा से फॉरेंसिंक टीम भी घटना स्थल का निरीक्षण करने मौके पर पहुंच गई। लाख प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर एसजीएमएच के मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है। थाना प्रभारी जनेह ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 25 वर्ष के आस-पास की है जिसके गले में निशान होने से गला दबा कर हत्या किये जाने की आशंका है। महिला के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया गया या नहीं इस बात की पुष्टि मेडिकल रिर्पोट आने के बाद ही होगी। थाना प्रभारी जनेह ने घटना के संबंध में बताया कि जंगल में महिला के शव होने की खबर चरवाहे के माध्यम से पुलिस तक पहुंची। सूनसान इलाके में महिला का शव पड़ा हुआ था शव पर महिला का ही शॉल ढ़का हुआ था।

**दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी से लिखा है एल एच**



महिला के पंचानामा कार्रवाही में पुलिस ने पाया कि मांग भरी सिंदूर होने के साथ ही उसके दाहिने हाथ की कलाई में अंग्रेजी से एल एच लिखा हुआ है। एल एच किस नाम या किस ओर इशारा करता है इस बात को लेकर पुलिस अपना माथा पच्ची कर रही है। लगभग 27 वर्षीय महिला की ऊंचाई 5 फिट के आस पास की है और उसका रंग गेंहूआ है। लाल रंग की पेटीकोट के साथ महिला ने नीले रंग की साड़ी और बैंगनी रंग की स्वेटर पहन रखी है। इसके साथ ही पैर में हरे रंग का मोजा एंव काले रंग की चप्पल पहने हुए है। हरी एवं सुनहरे रंग की चूड़ी के साथ ही दाहिने हाथ की अनामिका उंगली में चांदी का छल्ला पहने हुई है। इसके साथ ही एक नहीं दो मंगलसूत्र महिला ने अपने गले में डाल रखी है। बाक्स महिला का श्रंगार दे रहा गवाही, हाल ही में हुई थी शादी महिला ऐसे पड़ी हुई थी जैसे खुले आसमां के नीचे सो रही हो रही। साड़ी भी उसकी सही सलामत रही और शरीर में रोल्ड गोल्ड के जेवर पहने हुई थी। मांग पर सिंदूर और महिला के श्रंगार से ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की शादी हाल ही में हुई है। संभावना जताई जाती है कि महिला प्रेम फांस में फंसी थी। हाल ही में महिला की शादी हुई और प्रेमी-प्रेमिका बिछड़ गये। शादी के बाद महिला अपने ससुराल से मायके आई हुई थी। प्यार में धोखा खाया उसका प्रेमी इंतजार कर रहा था। प्रेमी द्वारा बहला कर महिला को सूनसान जंगल में ले जाकर गला घोंट कर हत्या कर दी गई। बाक्स यूपी चित्रकूट जिले है महिला, शिनाख्ती के लिए दौड़ रही पुलिस घटना स्थल और महिला के शव को देख इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि महिला यूपी की रहने वाली नहीं है। जनेह थाना क्षेत्र ही नहीं आसपास के थानों से गुमशुदा की तस्दीक करवाने के लिए पुलिस ने जमकर हाथ पैर पटके। लगभग दर्जन भर लोग आकर शव को अपने खाये हुए लोगों का कह न सके। घटेहा जंगल से यूपी के चित्रकूट जिले की सीमा लगभग डेढ़ किलोमीटर है जो बडग़ड़ थाना का हर्दी पुलिस चौकी को छूती है। जनेह थाना प्रभारी ने बडग़ड़ थाना और हर्दी पुलिस चौकी में संपर्क कर महिला की शिनाख्ती करवाई लेकिन महिला की पहचान न हो सकी। पुलिस का अंदाजा है कि यूपी के बडग़ड़ थाना से इतर चित्रकूट यूपी के किसी थाना क्षेत्र की महिला है।

# बिछरहटा में निकली भव्य कलश यात्रा



**रीवा।** अयोध्या में श्री राम लला कि मंदिर निर्माण को लेकर पूरे देश में लोग तरह-तरह की तैयारी कर रहे हैं उत्साह मना रहे हैं इस उपलक्ष में आज मऊगंज जिले के जनपदपंचायत हनुमना के ग्राम बिछरहटा में सैकड़ो ग्रामीण मिल के कलश यात्रा निकाले यात्रा के दौरान देखा गया कि लोगों में राम मंदिर को लेकर और प्रभु श्री राम के जन्म भूमि की स्थापना को लेकर बहुत ही उत्साह दिखाई दिया यात्रा की शुरुआत गांव की बाजार बस्ती शिव पार्वती मंदिर से आरंभ होकर वर्गद हनुमान से होकर कलरगमआं कुठहा हनुमान मंदिर केशव मंदिर गढ़ी शिव पार्वती एवं हनुमान मंदिर सोनी बस्ती शिव मंदिर हनुमान मंदिर एवं महारानी देवी मंदिर शिवालय धार लेते हुए चौहना एवं दुविया धाम चतुर्भुज मंदिर में समापन एवं प्रसाद वितरण किया गया वहीं से कलश उठा और गांव में जितने भी देव स्थल एवं मंदिर हैं हर जगह जाकर पूजा अर्चना की है साथी श्री राम की एक भव्य तस्वीर लेकर उनको सामने रखकर और भगवा झंडा लेकर पूरे गांव में यात्रा और जय श्री राम का नारा लगाते हुए साथी राम के भजन गाते हुए नाचते झूमते हुए यात्रा किए यात्रा में आसपास के लोग एवं सभी ग्रामीण महिलाएं बच्चे बुजुर्ग सम्मिलित थे कार्यक्रम में जगदीश गुप्ता जी अशोक गुप्ता जी शिवराज सिंह जी रमेश सिंह जी शंकर दास वर्मा सिद्ध मुनि सोनी अभिमन्यु शुक्ला पुनीत सिंह मनीष गुप्ता दीपू चौरसिया इंद्रलाल केवट लालता प्रसाद केवट उमेश केवट राम दयाल केवट दीपक केवट उकेस केवट राजेश नामदेव मुन्नी देवी शुक्ला विनीत शुक्ला राजेन्द्र केवट सुनील चौरसिया अनिल सोधिया दीपक वर्मा सीताराम केवट बिपिन चंद्र नवैद संजय गिरि सूरज दिलीप व संजय नामदेव के अलावा मंडल के राम भक्त रहे।



# जनशिक्षकों ने वीआरसी गंगेव को सौंपा ज्ञापन

**रीवा ।** जनपद शिक्षा केन्द्र गंगेव जिला रीवा के जनशिक्षकों ने विकासखण्ड स्रोत समन्वयक श्री प्रदीप द्विवेदी को ज्ञापन पत्र देकर विद्यालय में शैक्षणिक कार्य हेतु मुक्त किये जाने की मांग की है। जनशिक्षकों ने दिये गये ज्ञापन में लेख किया है कि जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र रीवा के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा के आदेश "क्र.जिशिके/स्था/2023 /6576 रीवा दिनांक 03.01.2024 के तहत सभी कार्यानुमति वाले जनशिक्षक अपने मूल पदांकित शाला में उपस्थित रहकर शैक्षिक कार्य करने के उपरांत जन शिक्षक का कार्य संपादित करेगें।" जिला पंचायत सी.ओ.के तुगलकी आदेश से जनशिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है जनशिक्षकों का कहना है कि सुबह 10 बजे से सायं 04.30 बजे तक मूल पदांकित शाला में पठन-पाठन का कार्य करने के पश्चात जनशिक्षकीय कार्य कर पाना संभव नहीं हो पायेगा क्योकि मेटरिंग एप पर प्रत्येक माह में कम से कम 15 विद्यालयों की मानीटरिंग करनी पड़ती है जिसमें एक विद्यालय में कम से कम दो घंटे का समय लगता है इसके अतिरिक्त अन्य बहुत से कार्य जनशिक्षकों के द्वारा ही किये जाते हैं। जनशिक्षकों की मांग है कि हम लोगों से मूल पदांकित शाला में रहकर पठन पाठन का कार्य कराया जाय अथवा जनशिक्षक का कार्य, दोनो एक साथ संभव नहीं है। ज्ञापन के समय राजीव मिश्रा, अरुण कुमार सिंह, राकेश द्विवेदी, आनन्द कुमार तिवारी, सुरेश कुशवाहा, राजेश वर्मा सहित दो दर्जन जनशिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण की डकार ली राशि, सड़क का निर्माण कार्य अधूरा

## जनपद पंचायत हनुमना का मामला

**खजुरहन ग्राम पंचायत में सरपंच सचिव की मिलीभगत में हुई बंदरबांट**

मऊगंज



जिले के जनपद पंचायत हनुमना मे भ्रष्टाचार का बोलबाला है।जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मे बिना निर्माण कार्य कराये हीसरपंच,सचिव,रोजगार सहायक और जनपद पंचायत के अधिकारियों की मिलीभगत से पैसो का बंदरबांट किया जा रहा है।एक तरफ सरकार द्वारा पंचायतो में चहुमुंखी विकास के लिए भारी भरकम राशि दी जा रही है जिससे कि गांव का सम्पूर्ण विकास हो सके लेकिन प्रशासन के जिम्मेदारों की भ्रस्टाचारियों को संरक्षण देने वाली रीति नीति से ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव शासन के खजाने को खाली करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ताजा मामला जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत खजुरहन ग्राम पंचायत का है जहां सरपंच और सचिव की मिलीभगत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का पैसा आहरित कर लिया गया लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है सड़क में सिर्फ रखड़ और बड़ी गिट्टी बिछवा दी गई है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत पीसीसी रोड निर्माण कार्य नंदलाल पांडेय के घर से राजमणि पांडेय के घर की ओर का निर्माण कार्य शुरू है जो की कई महीने बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है जबकि मास्टर रोल में 14/11/2023 तक भुगतान किया गया है सड़क निर्माण कार्य पूरा न होने के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सरपंच सचिव की मिलीभगत इस हद तक हावी है कि सरपंच सचिव के द्वारा साफ सफाई के नाम पर कई बार हजारों रुपए निकाले गये हैं। लेकिन सफाई कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है।तकरीबन लाखों रुपए सफाई के नाम पर निकल लिए गए हैं। वहीं कार्यालय व्यय के नाम पर भी हजारों रुपए का बंदरबाट किया जा गया है। इसके साथ ही चबूतरा निर्माण कार्य में भी घोटाले किए गए हैं। ग्राम पंचायत के विकास के नाम पर सरपंच, सचिव और जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा शासन की राशि का बंदरवाट किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### आयोग अध्यक्ष रौतेल ने पोंडीडोंगरी में बजने वाले पत्थर को बजाकर लिया आनंद

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अनूपपुर से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत लखनपुर के मुखिया, बैगा जनजाति बहुल्य पचरीपानी के पोंडीडोगरी पहाड़ी में बजने वाले एक पत्थर को देखने मध्यप्रदेश कोल जनजाति आयोग प्रदेश अध्यक्ष रामलाल रौतेल शनिवार की सुबह पहुंचे जो हरे-भरे वनो के बीच पत्थरों की चट्टान में चढ़ते हुए पोंडीडोंगरी में स्थित एक ऐसा पत्थर जिसमें छोटे पत्थर से ठोकने पर आवाज निकलती है जहां पहुंचकर देखने बाद उत्सुकता पर स्वयं भी उस पत्थर को बजाते हुए भजन गया तथा आनंद उठाया इस बीच अनूपपुर कि वन्यजीव संरक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल,ग्राम पंचायत लखनपुर सरपंच रामकुमार रौतेल, ग्रामवन समिति अध्यक्ष पचरीपानी अनूप सिंह के साथ ग्रामीण जन भी सम्मिलित रहे हैं।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में अमरकंटक का भी नाम

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में नोरोजाबाद नगर परिषद, अमरकंटक नगर परिषद को राष्ट्रपति पुरुस्कार के लिए चयनित किया गया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। बता दें स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश के 5 नगरीय निकायों को चयनित किया है,उसमें नोरोजबाद के अलावा इंदौर, महू, अमरकंटक, बुधनी शामिल है। सूत्रों की माने तो 11 जनवरी को दिल्ली में होने वाले ससम्मान कार्यक्रम में नगर पालिका उमरिया सीएमओ किशन सिंह ठाकुर, अमरकंटक नगर परिषद के सीएमओ चैन सिंह परस्ते पहुंचेंगे और महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कृत होंगे।

### टांकी के सरपंच व उनके साथियों का कांग्रेस से हुआ मोहभंग

**अनूपपुर।** कांग्रेस के निरंतर गिरते ग्राफ को देखते हुए अब कांग्रेस से लोगों का मोहभंग होने लगा है। सरपंच टांकी एवं उसके साथ अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के निवास स्थल पर पहुंचकर उनसे भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। मंत्री दिलीप जायसवाल ने उनका भाजपा में स्वागत किया एवं उन्हें मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

### आंगनबाडी केन्द्र संचालन पर कलेक्टर ने दिखाई सख्ती



**अनूपपुर।** विगत दिवस कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिले में पदस्थ विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों द्वारा जिले की कतिपय आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बाल विकास परियोजना जैतहरी की सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री अपोलीना लकडा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र धनगवां क्रमांक-3 का निरीक्षण 78 दिवस पूर्व एवं धनगवां केन्द्र क्रमांक-4 का निरीक्षण 54 दिवस पूर्व किया गया है। जिससे सिद्ध होता है कि सेक्टर पर्यवेक्षक सेक्टर जैतहरी क्रमांक-2 सुश्री अपोलीना लकडा द्वारा शासनादेश अनुसार आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण नही किया जा रहा है। अतः संबंधित सुश्री अपोलीना लकडा पर्यवेक्षक बाल विकास परियोजना जैतहरी को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सुश्री अपोलीना लकडा का मुख्यालय कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अनूपपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। इसी प्रकार निरीक्षण के दौरान 10 आंगनवाडी कार्यकतार्ओं के अनुपस्थित मिलने पर कलेक्टर के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा 10 आंगनवाडी कार्यकतार्ओं के एक-एक दिवस के मानदेय को अमान्य किया गया है।

# नियमों का पालन कराने वाले ही यातायात नियमों की उड़ा रहे धज्जियां

**बिना इंश्योरेंस के वाहन पर सवार पुलिस**

**कई वर्षों से नहीं हुए पुलिस विभाग में संचालित वाहनों के इंश्योरेंस**






*केंद्र सरकार द्वारा यातायात के नियमों में संशोधन करते हुए नए कानून के माध्यम से यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास तो किया जा रहा है लेकिन सबसे पहले कानून का पालन करने वाले को कानून का पालन करना चाहिए जिससे आम जनमानस में एक बेहतर संदेश प्रस्तुत हो सके।*

अनूपपुर।

भारतीय जनता पार्टी के अनूपपुर जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने उस विभाग को आईना दिखाने का कार्य किया है जो विभाग डंडा लेकर दिनभर दूसरों को कानून का पाठ पढ़ाकर परेशान करता है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने मध्य प्रदेश पुलिस के द्वारा संचालित किया जा रहे तमाम थाना क्षेत्रों तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जो वाहन उपयोग में रखे गए हैं। उन वाहनों का भगवान ही मालिक है क्योंकि पुलिस विभाग में वाहन खरीदी होने के पश्चात आज तक ऐसे वाहनों का कभी इंश्योरेंस नहीं हुआ जिनका उपयोग आज भी निरंतर किया जा रहा है

### आज तक नहीं हुआ पुलिस विभाग के वाहनों का इंश्योरेंस

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने [illegible] [illegible] संचालित वाहन क्रमांक एमपी 03 ए 3179, अजाक अनूपपुर एमपी 03 ए 2540, थाना कोतमा एमपी 03 ए 2264, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ एमपी 03 ए 9236, थाना भालूमाड़ा एमपी 03 ए 2166, थाना बिजुरी एमपी 03 ए- 2052, थाना राजेंद्रग्राम एमपी 03 ए 2051, एसडीओपी 03 जेड ए 206 के वाहनों का इंश्योरेंस कई वर्षों से नहीं हुआ है। [illegible]

जिसके कारण पुलिस विभाग के वाहन चालक कर्मचारियों में भय का वातावरण निर्मित है तो वहीं घटना दुर्घटना होने पीड़ति पक्ष को जुर्माना की राशि कौन प्रदान करेगा इसकी भी जिम्मेदारी सुनिश्चित नहीं है क्योंकि इंश्योरेंस तो किसी भी पुलिस विभाग के वाहन का है ही नहीं, कुल मिलाकर भगवान भरोसे पुलिस विभाग के वाहन चल रहे हैं और बिना इंश्योरेंस के वाहन पर मध्य प्रदेश की पुलिस सवार हो रही है।

### पुलिस महानिदेशक से की गई मांग

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने मध्य प्रदेश के अंदर संचालित सभी थाना क्षेत्र में शासकीय वाहनों के इंश्योरेंस कराए जाने की मांग मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से की है जिससे कि पुलिस विभाग के वाहन का संचालन करने वाले कर्मचारी भी सुरक्षित रहें और घटना दुर्घटना होने पर पीड़ित पक्ष को न्याय भी मिल सके इसलिए सभी वाहनों के शीघ्र इंश्योरेंस कराए जाएं और कानून का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### पहले पुलिस विभाग करे कानून का पालन

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने जारी प्रेस नोट में बताया कि पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी आम जनता के वाहनों के चेकिंग के दौरान उनके पास इंश्योरेंस ना होने पर 3000 का जुर्माना लगाया जाता है इसके साथ ही कोई घटना दुर्घटना होने पर पुलिस विभाग से लेकर न्यायालय तक लाखों रुपए का जुमार्ना वाहन मालिक को भरना होता है लेकिन क्या पुलिस विभाग के वाहन से ऐसी घटना दुर्घटना होने पर पीड़ित पक्ष को न्याय मिल पाएगा यदि कानून का पालन करना है तो सबसे पहले पुलिस विभाग को खुद कानून का पालन करना पड़ेगा। इसके बाद आम जनता से कानून का पालन करने की उम्मीद की जा सकती है। बेहतर होगा कि पुलिस विभाग धारा 164, 196 की कार्यवाही करने पर से पहले अपने वाहनों का इंश्योरेंस कराए।



## पंडित शंभूनाथ शुक्ल स्मारक लाइब्रेरी को प्रारंभ कराने की मांग

**प्रगतिशील लेखक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय में स्थापित पंडित शंभुनाथ शुक्ल स्मारक लायब्रेरी जो काफी समय से बंद पड़ी है उसके संचालन के संबंध में प्रगतिशील लेखक संघ इकाई अनूपपुर ने कई बार नगरपालिका अध्यक्ष व सीएमओ से लिखित और मौखिक रूप से आग्रह किया पर सिवा आश्वासन देने के अलावा नगरपालिका ने कुछ भी नहीं किया। जब से यह परिषद आई है तब से आगाह किया जा रहा है पर परिणाम शून्य ही रहा। कमिश्नर शहडोल को इस संबंध में एक पत्र देने के पश्चात प्रगतिशील लेखक संघ के संरक्षक पवन छिब्बर, सचिव रामनारायण पाण्डेय, वरिष्ठ सदस्य डी.एस.राव और अध्यक्ष गिरीश पटेल ने कलेक्टर से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा कर लायब्रेरी के शीघ्र पुनर्संचालन हेतु आग्रह किया जिसे गंभीरता पूर्वक सुनते हुए कलेक्टर अनूपपुर ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही लायब्रेरी को पुनः प्रारंभ किया जाएगा। लायब्रेरी के अतिरिक्त प्रगतिशील लेखक संघ इकाई अनूपपुर के द्वारा चंदास नदी की पदयात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए उनसे इस नदी के संरक्षण हेतु कदम उठाए जाने के लिए आग्रह किया, जिसे गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उन्होंने एक लिखित विस्तृत रिपोर्ट जमा करने को कहा और कहा कि इस हेतु वे ठोस कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर अनूपपुर से मुलाकात के पश्चात प्रतिनिधि मंडल ने नगरपालिका सीएमओ कार्यालय में भी उक्त पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि लायब्रेरी शीघ्र प्रारंभ की जाए। यदि इसके बावजूद भी लायब्रेरी प्रारंभ नहीं की जाती तो प्रलेस कोई ठोस कदम उठाने हेतु विचार करेगा।

# नहीं थम रहा सागौन के हरे पेड़ का कत्लेआम

**पचरीपानी के पास मुख्य मार्ग मे मिला सागौन का कटा पेड़, बाधित हुई बिजली**

अनूपपुर।





विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं मध्यप्रदेश कोल जाति जनजाति आयोग के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल रौतेल शनिवार की सुबह ग्राम पंचायत लखनपुर के पचरीपानी टोला में विगत दिनों एक हाथी द्वारा किए गए तीन घरों में तोड़फोड़ के निरीक्षण के लिए जा रहे थे तभी उन्हे लखनपुर से पचरीपानी वनमार्ग के मध्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जो पूर्व में भी अगरियानार बीट अंतर्गत वन क्षेत्र में लगे बहु कीमती सागौन प्रजाति के हरे पेड़ों को आरा मशीन से काटकर उठाकर ले गए रहे पर वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही न करने के कारण लकड़ी चोर खुले आम आरा मशीन से सागौन के एक बड़े पेड़ को काटा जो इस मार्ग में गिरता हुआ लखनपुर से पचरीपानी को गयी बिजली लाइन को तोड़ते हुए जमीन में पड़े होने के कारण आवागवन अवरुद्ध रहा है। रास्ते में पहुंचने पर पेड़ के गिरने से बिजली तार टूट कर जमीन में पड़े होना देखकर श्री रौतेल ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर विद्युत तार को ठीक कर लाइन चालू करने के निर्देश के साथ वन मंडलाधिकारी अनूपपुर एसके प्रजापति एवं मुख्य वन संरक्षक शहडोल वृत एलएल उईके को फोन कर अज्ञात तत्वों द्वारा काटे गए बहु कीमती सागौन प्रजाति के हरे पेड़ों की अवैध कटाई की जानकारी देते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल जांच कर कर हरे पेड़ों को काटने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के की बात कही। इस बीच वनसुरक्षा समिति अध्यक्ष पचारीपानी अनूप सिंह ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटे गए सागौन पेड़ जो मुख्य मार्ग में पड़ा रहा है को काटकर मुख्यमार्ग के किनारे किया इस दौरान ग्राम पंचायत लखनपुर सरपंच रामकुमार रौतेल, अनूपपुर जिला मुख्यालय के सामाजिक कार्यकर्ता एवं वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल सम्मिलित रहे हैं। सूचना के बाद दोपहर में अनूपपुर वन वन मण्डलाधिकारी एसके प्रजापति ने वन अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण कर पूर्व में काटे गए बहु कीमती सागौन प्रजाति के हरे पेड़ों की अवैध कटाई को देखते हुए कार्यवाही की।

**समाजसेवियों ने कलेक्टर से शिकायत कर की कार्यवाही की मांग**

# जिला मुख्यालय में नगर पालिका की नाक के नीचे हो रहा अवैध अतिक्रमण



अनूपपुर।

अनूपपुर नपा. की भूमि पर हो रहा अतिक्रमण,प्रशासन मौन अनूपपुर नपा क्षेत्र के शासकीय भूमि पर लोगो द्वारा किया जा रहे अवैध कब्जे तथा निर्माण कार्य को लेकर वार्ड क्रमांक 07 के निवासी मुकेश गुप्ता तथा नौशाद खान ने जिला कलेक्टर अनूपपुर के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत करते हुए बताया है कि अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र अर्न्तगत वार्ड क्रमांक 07 प्राथमिक स्कूल के बाहर शासकीय भूमि है जो कि नगर पालिका अनूपपुर द्वारा वार्ड के विकास कार्य हेतु अत्यंत आवश्यक भूमि है जिसका उपयोग रह रहे रहवासियों एंव आम जनमानस के लिये किया जाना प्रस्तावित है। किंतु नगर पालिका अनूपपुर की उक्त भूमि में काफी समय से आस पास के लोग बिना किसी मंजूरी के भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य करवा रहे है,जिसकी सूचना नगर पालिका अनूपपुर को भली भाँती होने के बाद भी नगर पालिका अनूपपुर के द्वारा संवेदन शीलता से इन कब्जा धारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही आज तक नही की गई और ना ही उक्त अवैध निर्माण को तोड़ा गया जिससे कब्जा धारियों का साहस बढ़ता जा रहा है। जिस पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये जाकर अवैध निर्माण कार्य को बंद करवाया जाने की कार्यवाही की मांग की गई।

## भाई ने नाबालिग चचेरी बहन को बनाया हवस का शिकार

**भाई ने किया पवित्र रिश्ते को कलंकित**

**अनूपपुर।** चचाई थाना क्षेत्र में युवक द्वारा घर में अकेली 16 वर्षीय की चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म कर रिश्तों को शर्मसार किये जाने की शिकायत पर शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहडोल जिला निवासी पीड़ति ने बताया कि मेरे बड़े पिता का लड़का 16 दिसंबर की दोपहर में भाई और भाभी मेरे घर आया और माता-पिता से बोली कि हम इसे अपने साथ ले जा रहे हैं। कुछ समय बाद छोड़ जाएंगे। मैं भैया-भाभी के साथ अनूपपुर जिले के गांव में आ गई। भाभी के कहने पर भाई के साथ सब्जी खरीदने बाजार गई। बाजार से सब्जी खरीद कर भाई के साथ घर वापस आ रही थी, तभी रात करीब 8 बजे भाई ने सोन नदी के पुल के पास गाड़ी रोक दी। और जीप का शीशा चढ़ाकर हाथ से मेरा मुंह दबाकर दुष्कर्म किया और कहा कि घटना के बाद किसी को बताई




तो जान से खत्म कर दूंगा। मुझे घर वापस ले आए। डर की वजह से मैं घटना को किसी को नहीं बताई। पीडिता ने बताया कि 24 दिसंबर को करीब दोपहर 12 बजे भाभी गांव में चली गई। मैं घर में अकेली थी भाई आया और अंदर से दरवाजे बंद कर फिर दुष्कर्म किया, कुछ देर बाद भाभी आई। घटना की बात मैंने भाभी को बताई। भैया भाभी दोनों ने जान से खत्म करने की धमकी दी। जब मेरे पिता मुझे आए तब उनको घटना के बारे में बताया। पिता मुझे वापस ले गए बदनामी की डर से हमने रिपोर्ट नहीं की। इसके बाद शुक्रवार को परिजनों ने थाने में इसकी शिकायत की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, मामले की जांच की रही है।

# हाथी से प्रभावित गांव पचरीपानी पहुंचे आयोग अध्यक्ष रामलाल रौतेल

**ग्रामीणों के साथ बैठक कर पीड़ितों से जाना हाल-चाल**

अनूपपुर।

मध्यप्रदेश कोल जनजाति आयोग के प्रदेश अध्यक्ष रामलाल रौतेल शनिवार की सुबह जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर स्थित बैगा जनजाति बहुल्य ग्राम पंचायत लखनपुर के पचरीपानी गांव में विगत तीन जनवरी की रात दो दांत वाले एक हाथी द्वारा किए गए तीन घरों में तोड़फोड़ एवं अनाजों के खाने की घटना की जानकारी मिलने पर पीड़तों से मिलने पहुंचकर हाथी द्वारा किए गए नुकसान के स्थल का निरीक्षण किया। इस बीच लकवा की बीमारी से ग्रस्त 70 वर्षीय वृद्ध धौसा सिंह से मुलाकात करते हुए वन विभाग तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को नुकसानी का परीक्षण कर मुआवजा राशि शीघ्र किए जाने की बात दूरभाष पर



करते हुए प्राथमिक विद्यालय पचरीपानी परिसर में बैगा जनजाति समाज के ग्रामीणों से बैठक कर चर्चा की जिस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें सरकार से मिलने वाली अधिकांश योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है लेकिन उनके गांव पचरीपानी से लखनपुर तक जाने का मार्ग न होने से आवागमन में परेशानियों का सामना सदियों से करना पड़ रहा है। शासन-प्रशासन से निरंतर मांग करने के बाद भी वर्तमान समय तक इस मार्ग का निर्माण नहीं हो सका है जिससे इस गांव के ग्रामीणों के साथ बच्चे वषार्काल के 4 महीने तक मार्ग के पूरी तरह बंद हो जाने के कारण पैदल भी आ जा नहीं पाते हैं। इस पर श्री रौतेल ने अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र ही मार्ग निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया इस दौरान अनूपपुर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल, ग्राम पंचायत लखनपुर सरपंच रामकुमार रौतेल, वन समिति पचरीपानी अध्यक्ष अनूप सिंह, ग्राम के पांच फूलसिंह बैगा बैठक में सम्मिलित रहे।

**Presiding Officer: श्री रविन्द्र कुमार शिल्पी**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000002/2024)
रानी बाई उर्फ रानी मांझी वगै. .........आवेदक Vs
उपक्षेत्रीय प्रबंधक वगै. ................अनावेदक
Process Id-/2023
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 13/02 /2024
(1) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रानी बाद उर्फ रानी मांझी वगै. ने मृतक तुलाराम केवट पिता ददोले निवासी ग्राम दैखल पयारी नं. 1 पोस्ट पयारी जिला अनूपपुर म.प्र. जो एस ई सी एल विभाग के जमुना कोतमा क्षेत्र के 5/6 जमुना कोतमा भूमिगत खदान में हम्मर मैन के पद पर कार्यरत कर्मचारी थे जिनकी सेवाकाल के दौरान दिनांक 12.12.2014 को मृत्यु हो चुकी है। उक्त मृतक कर्मचारी का अनावेदक क्रमांक 02 के कार्यालय मे जमा ग्रेच्युटी की राशि 4,81,289 (चार लाख इक्यासी हजार दो सौ नवासी रुपए) का 1/6, 1/6, भाग एवं उस पर मिलने वाला लाभांश राशि/संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 February 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 February 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 05 January 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
रविन्द्र कुमार शिल्पी
मुद्रा व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
कोतमा, जिला अनूपपुर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।